प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

भीम, (निसं)। रावत राजपूत महासभा का प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह सेदड़ा, थो डॉ. विजयसिंह गहलोत, महासभा के प्रधान सलाहकार एस पी चन्द्रसिंह रावत, संरक्षक मंडल नाथू सिंह घाटा, महासभा के प्रदेश महामंत्री नारायण सिंह काछबली,कोषाध्यक्ष टील सिंह थुनी का थाक, प्रदेश महामंत्री रणजीतसिंह खोडिया, महिला प्रदेशाध्यक्ष पंकजा एसपी सिंह, उपाध्यक्ष ज्योत्स्ना कंवर के सानिध्य में संम्पन्न हुआ। शाखा सभा के कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, चिकित्सा विभाग आदि क्षेत्र में पदोन्नत हुए कर्मचारी व नव नियुक्त कर्मचारियों को साफा उपरना और मोमेंटो भेंटकर 60 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। साथ ही शिक्षा जगत में अव्वल रहे, छात्र-छात्राओं का संम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष नारायणसिंह सेंदड़ा ने बताया कि राजसमंद शाखा सभा में यह समाज का पहला कार्यक्रम हुआ है ।जिसमें समाज के सभी लोगों की सहभागिता बहुत अच्छी रही है। आने वाले समय में सब एकजुट होकर कार्य करेंगे एवं राजसमंद मुख्यालय पर रावत राजपूत महासभा का एक भवन निर्माण किया जाए ताकि समाज के कई कार्य संपादित हो सके रावत राजपूत महासभा के कोषाध्यक्ष टीलसिंह थुनी का थाक में महासभा का आय ओर खर्च का ब्यौरा पेश किया।

सतर्क, सजग रहकर आपसी समन्वय से निभाएं दायित्व : जिला कलक्टर

कहीं कोई कमी पाई गई तो एरिया 'मजिस्ट्रेट होंगे जिम्मेदार'

कोटा, (निसं)। अनंत चतुर्दशी शोभा यात्रा की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा के लिए जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एरिया मजिस्ट्रेट सतर्क, सजग रहते हुए सूझबूझ के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण कर लें।

विशेष तौर पर स्वागत द्वारों को जांचा जाए कि उनकी ऊंचाई लगभग 17 फीट से कम नहीं हो और वे बिजली के यंत्रों, तारों इत्यादि के आसपास ना हों। केईडीएल द्वारा विद्युत तारों की पर्याप्त ऊंचाई सुनिश्चित की जाए। निर्देश दिए कि निर्माणाधीन इमारतों के आसपास बैरिकेडिंग कर दी जाए ताकि उनमें चढ़कर लोग जुलूस देखने ना पहुंच सकें। मार्ग में गड्ढे, पत्थर ना हो। मैनहोल, नालियों का ढकाव सुनिश्चित कराया जाए। निरीक्षण कर सभी स्थितियां अनुकूल की जाएं।

अनन्त चतुर्दशी शोभायात्रा की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ।

साथ ही आसपास पड़े मलबे या बिल्डिंग मटेरियल के समान को भी हटवा कर रास्ता साफ कराया जाए। आवारा पशुओं का विचरण न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। शोभा यात्रा के दौरान रास्तों पर कांच इत्यादि गिरने के दौरान तुरंत सफाई की व्यवस्था भी रखी जाए।

एरिया मजिस्ट्रेट्स को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्र में एक-एक रास्ते का बारीकी से निरीक्षण करें। ऐसे रास्तों को चिन्हित करें जो आपात स्थिति में निकास के काम आ सकें। शोभायात्रा के रास्तों के आसपास रहने वाले, क्षेत्र के मोजिज लोगों से भी संपर्क साधा जाए। पुलिस व अपनी टीम के साथ समन्वय कर स्थान तय कर दिए जाएं कि कौन कहां रहेगा। स्वयं भी ऐसे स्थान पर रहें जहां से दोनों ओर आवागमन हो सके और समूची स्थितियों पर निगरानी और अधिकारियों से समन्वय रखा जा सके। टीम के प्रत्येक सदस्य को उसकी जिम्मेदारी से अवगत करा दिया जाए। कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने निर्देश दिए कि सभी तैयारी रात्रि 8 बजे तक पूरी कर ली जाएं। कल के लिए कोई भी कार्य शेष नहीं रखा जाए। मंगलवार सुबह निरीक्षण के दौरान कोई भी कमी पाई जाती है तो संबंधित

■ अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा की तैयारी की समीक्षा

एरिया में मजिस्ट्रेट जिम्मेदार होंगे।

एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों को निभाएं। किसी भी महत्वपूर्ण घटना की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष 0744- 2 323557 एवं अति आवश्यक हो तो उनके या संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर पर दी जाए। एडिशनल एसपी शहर दिलीप कुमार एवं ग्रामीण करण शर्मा ने पुलिस अधिकारियों एवं क्षेत्र के नागरिकों के साथ के साथ समन्वय रखते हुए कार्य करने की बात कही। बैठक में एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, सीईओ जिला परिषद अशोक त्यागी, नगर निगम आयुक्त सहित एरिया मजिस्ट्रेट की भूमिका निभा रहे विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

डूंगरपुर, (निसं)। झूलेलाल भवन में गणेश महोत्सव पर प्रतिदिन सिंधी समाज द्वारा रात्रि 9 बजे महाआरती का आयोजन रखा जाता है। इसके पश्चात विविध कार्यक्रम रखे गये। जिसमें भावनात्मक नाटक विचित्र वेशभूषा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी सुनील भठीजा ने बताया कि मंगलवार को गणेश विसर्जन सुबह 11 बजे झुलेलाल भवन से शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो सिंधी कॉलोनी, कलेक्ट्री, गांधी आश्रम, सुभाष पार्क से होती हुई पुनः शहंशाह भवन पर पहुंचकर मिट्टी की गणेश प्रतिमा की पूजा अर्चना कर वहीं पर बडी टंकी में विसर्जन किया जाएगा। इसके पश्चात इस मिट्टी से हेमू कालाणी पार्क में पौधा लगाया जाएगा तथा रात्रि को समाज का झुलेलाल भवन में महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है।

बुरी आदतों को छोड़ने का लिया संकल्प

डूंगरपुर, (निसं)। सलाटवाडा गणेश मण्डल द्वारा पी.पी.एज्युकेशन कॉपरेटिव सोसायटी के सहयोग से गणेश पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम और एक मिनट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गीत, कविता आदि रंगारंग प्रस्तुतियां दी। एक मिनट प्रतियोगिता में बच्चों व महिलाओं ने उत्साह के साथ गुब्बारे फुलाना, सुई में धागा पिरोना, चम्मच रेस, कुर्सी रेस आदि गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में अतिथि सोमपुरा समाज के अध्यक्ष कन्हैयालाल सोमपुरा, शिक्षाविद प्रेमशंकर सोमपुरा, मुकेश सोमपुरा, देवशंकर सोमपुरा, भगवतीलाल सुथार, पार्षद ब्रिजेश कुमार सोमपुरा, दीपक सोमपुरा, मनोज सोमपुरा, सुनील सोमपुरा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। गणेश मण्डल के स्वास्तिक सोमपुरा, प्रथम, सौम, अंकित एवं वीर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पार्षद ब्रिजेश सोमपुरा ने गणपति बप्पा के विसर्जन के अवसर पर भगवान गणेश जी के समक्ष अपनी बुरी आदतों को छोडने का संकल्प दिलाया तथा सभी ने संकल्प लिया।

अनन्त चतुर्थदशी पर विशेष यातायात व्यवस्था

उदयपुर, (कासं)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 17 सितंबर को अनन्त चतुर्थदशी पर्व पर गणपतिजी प्रतिमा विर्सजन दौरान गणगौर घाट पर वाहनों के माध्यम से आने वाली मूर्तियों का सांकेति पक्षालन जलाभिषक किया जायेगा। इस दौरान सवेरे 10 बजे से वितर्सजन कार्यक्रम समाप्ति तक रंगनिवास, हाथीपोल घंटाघर, चांदपोल, भडभुजाघाटी, सूरजपोल दरवाजे से स्थल मंदिर, मुखर्जी चौक, बडा बाजार घंटाघसर से जदगीश चौक की तरफ जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। इस दौरान मूर्ति विसर्जन के लिए आने वाले वाहनों की निकासी चांदपोल की तरफ से की जावेगी। पुलिस उप अधीक्षक यातायात की ओर से जारी सूचना मे बताया कि उक्त व्यवस्था के दौरान एम्बूलेंस सहित अन्य आपातकालिन सेवाओं के लिए पाबन्दी नहीं रहेगी।

सामान व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान का ताला तोड़ कर चोर नकदी व सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गायत्री नगर हिरणमगरी निवासी स्वाती सिंघवी पत्नी प्रभात सिंघवी ने हिरणमगरी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवायां जिसमें पीडिता ने बताया कि मेरा उमरड़ा गोल्डन सिटी में मकान है। 12 सितंबर को अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़ कर म्यूजिक सिस्टम, वाशिंग मशीन, 17 हजार रूपये नकदी व टॉर्च चुरा ले गए। घटना की बाद मौके पर पहुंचने पर वारदात का पता चला। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच हेडकांस्टैब्ल महावीरसिंह कर रहे हैं।

इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन

उदयपुर, (कासं)। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सेवा से सीखें पहल के तहत नेहरू युवा केन्द्र, उदयपुर द्वारा सोमवार को चिकित्सा विभाग के साथ इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाराणा भूपाल चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन उपस्थित रहे। डॉ सुमन ने सभी सेवा से सीखे वॉलंटियर्स को अस्पताल और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने वॉलंटियर्स को बताया कि वे किस प्रकार अस्पताल में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं, जिसमें हेल्थ कार्ड बनवाने, ओपीडी प्रबंधन और अन्य प्रशासनिक कार्यों में सहायता शामिल है। डॉ. आर.एल. सुमन ने युवाओं को इस बात पर भी प्रेरित किया कि लर्निंग वाय डुईंग का सिद्धांत यह है कि जब हम किसी गतिविधि को स्वयं करते हैं, तो उससे हमें अधिक सीखने को मिलता है। इस अवसर पर सभी एनएसएस वॉलंटियर्स ने कार्यक्रम के महत्व पर चर्चा की। जिला युवा अधिकारी, शुभम पूर्बिया ने डॉ. आर.एल. सुमन का स्वागत किया और उपस्थित लोगों को माय भारत पोर्टल और इस इंटर्नशिप कार्यक्रम की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी।

मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव मनाया

मंडफिया, (निसं)। कस्बे में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जोहर की नमाज अदा करने के पश्चात दोपहर को कस्बे में बैंड बाजे एवं डीजे के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का जगह-जगह ग्राम वासियों ने स्वागत किया। जुलूस में मधुर गीत एवं कव्वाली का दौर लोगों को भाव विभोर कर रहा था। जुलुस विभिन्न मार्गो से भ्रमण करता हुआ निर्धारित स्थान पर संपन्न हुआ। इस मौके पर मंडफिया सदर आजाद हुसैन, सरपंच शमीम बानो, सरपंच पति फारूक मोहम्मद, सेवानिवृत्त थानेदार बाबू खां, जीएसएस पूर्व अध्यक्ष कल्लू खां, आरिफ मोहम्मद शेखू, अयूब बगदाद हुसैन, इरफान टेलर, सद्दाम भाटोली, साबिर हुसैन, ईशान हुसैन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद शरीफ, अयूब मोहम्मद, कल्लू खां ठेकेदार, निसार कोहिनूर, एडवोकेट फारूक मोहम्मद, काबिल हुसैन, शाहिद हुसैन सहित सैकड़ों महिला - पुरुष व बच्चे उपस्थित थे। इस मौके पर सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इससे पूर्व रविवार रात्रि को महफिले मिलाद का आयोजन किया गया। जिसमें में विख्यात कव्वालों ने कलाम पेश किए। महफिले मिलाद पूरी रात चला।।

तीन दिवसीय मेले का समापन

मंडफिया, (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में आयोजित त्रि - दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेला रविवार देर रात्रि को हर्षोल्लास के साथ संपन हो गया। समापन समारोह कार्यक्रम मेला ठाउंड मीरा रंगमंच पर आयोजित हुआ। समापन कार्यक्रम में जिले भर के चयनित 50 विकलांगों को मोटराईज्ड तिपहिया स्कूटीयां निशुल्क वितरण की गई।

कोटा रेल मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान जारी

कोटा, (निसं)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटा मंडल में ट्रेनों, रेलवे परिसर और स्टेशनों से गंदगी दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों से गंदगी हटाया जा रहा है।

यह अभियान 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती तक चलेगा। जिसमे विभिन्न गतिविधियाँ जैसे- मंडल कार्यालय सहित सभी डिपो में स्वच्छता शपथ, रेलवे कॉलोनियों में स्वच्छता प्रभात फेरी, रेलवे स्थलों पर श्रमदान, अवशिष्ट पदार्थों से कलाकारी, युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम तहत पौधारोपण, प्लास्टिक कचरे के विरूध जनजागरूकता, प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता प्रतियोगिता, सभी स्टेशनों तथा परिभ्रमण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान, स्वच्छ सर्कुलेटिंग एरिया के तहत बड़े एवं छोटे

■ ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों से गंदगी हटाने के लिए विशेष सफाई अभियान

स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान तथा स्वच्छ रेलगाड़ी अभियान के ट्रेनों एवं रेलवे ट्रैक की स्वच्छता का निरीक्षण, रेलवे के सभी कार्यालयों, कॉलोनी, अस्पताल, रिटायरिंग रूम, वेटिंग हॉल तथा रेस्ट हाऊस में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। स्वच्छ आहार के तहत रेलवे की कैटरिंग यूनिट का तथा स्वच्छ नीर अभियान चलाकर रेलवे के जल शोधन संयंत्र तथा पीने के पानी तथा वाटर बूथ का निरीक्षण एवं सफाई अभियान चलाया जायेगा। स्वच्छ प्रसाधन के तहत सभी टॉयलेटों का सफाई अभियान चलेगा।

पूर्व मंत्री हरिकुमार औदीच्य को किया याद

कोटा, (निसं)। राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. हरिकुमार औदीच्य की 10वीं पुण्यतिथि बड़े देवता जी की हवेली पाटनपोल में आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता भंवर निशाद ठाकर, चंद्रकांत ठाकर, पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष ममता शर्मा, भावना ठाकर, अनिल औदीच्य, अक्षत ठाकर, सुनील औदीच्य, अशोक शुक्ला सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और पूर्व मंत्री स्व. हरिकुमार औदीच्य के सेवा कार्यों को याद किया। भंवर निशाद ठाकर ने कहा कि हरिकुमार औदीच्य राजनीति में शुचिता के प्रतीक थे। ममता शर्मा (पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष) ने कहा कि उनसे हर क्षेत्र में प्रेरणा मिली है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि हरिकुमार औदीच्य का सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से मधुर व्यवहार था।

जिला प्रशासनिक अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

उदयपुर, (कासं)। रानी रोड स्थित महाकालेश्वर मंदिर परिसर में मंदिर प्रबन्धन समिति की बैठक मुख्य संरक्षक बालु सिंह कानावत व प्रन्यास अध्यक्ष तेजसिंह सरूपरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में विगत चार माह पूर्व निज मंदिर के गृभगृह में असामाजिक तत्वों द्वारा तोडफोड कर मंदिर की पवित्रता एवं मर्यादा भंग कर आम जन भावना भडका निज मंदिर की दान पेटी के पास लगे चांदी के दरवाजे को लोहे की आरी से काटा गया जिसके सीसीटीवी फुटेज सम्बन्धित थानाधिकारी अम्बामाता पर फुटेज उपलब्ध करवाये।

उक्त घटना की सूचना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नगर) को आवश्यक कार्यवाही हेतु 1 मई 2024 को दी गई। जिस पर किसी प्रकार की समुचित कार्यवाही नहीं किये जाने पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से माननीय उच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश खत्री के जरिए रिट दायर की। जिस पर उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए मंदिर परिसर में अशांति फैलाने वाले व सम्पदा को नुकसान पहुँचाने के खिलाफ सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारी को एफआईआर दर्ज कराने के आदेश 8 मई 2024 को दिए गए। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मंदिर ट्रस्ट की ओर से सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारी, संभागीय आयुक्त उदयपुर, जिलाधीश उदयपुर, जिला पुलिस अधिक्षक, उदयपुर, पुलिस महानिरिक्षक उदयपुर, थानाधिकारी अम्बामाता, आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर को मंदिर ट्रस्ट की ओर से उच्च न्यायालय आदेश की पालना में प्रतिवेदन दिए जाने के पश्चात् सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारी द्वारा मंदिर परिसर के निज गर्भगृह में 1 मई 2024 को की गई तोडफोड, पवित्रता भंग व मंदिर दान पेटी को आरी से काटे जाने के सम्बन्ध में आरोपी/अभियुक्त गण के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं गई तथा ना ही इनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश खत्री ने सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारी के विरूद्ध उच्च न्यायालय में न्यायालय आदेश की अवमानना हेतु याचिका पेश की जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई कर प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र भट्ट संभागीय आयुक्त उदयपुर, अरविन्द पोसवाल जिलाधीश उदयपुर, योगेश गोयल जिला पुलिस अधिक्षक, उदयपुर, अजय लाम्बा पुलिस महानिरिक्षक उदयपुर, डॉ. हनुमन्त सिंह राजपुरोहित थानाधिकारी अम्बामाता व अन्य को उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 8 मई 2024 का अनुपालन न करने पर उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए।

मौसमी बीमारियों के रोकथाम की समीक्षा, गतिविधियों का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर सोमवार को जयपुर से आए डॉ मुस्ताक खान संयुक्त निदेशक (मलेरिया) तथा राज्य वेक्टर बोर्न डिजिज सलाहाकर चैनरूप सोनी ने शहर की यूसीएचसी भीमगंजमंडी एवं यूपीएचसी अनन्तपुरा का दौरा कर रोकथाम गतिविधियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने भीमगंजमंडी के थाने के आगे स्टेशन एवं अनन्तपुरा के बरड़ा बस्ती एवं सुभाष विहार में की जा रही एंटी लार्वा एक्टिविटी डेंगू केस आदि का निरीक्षण किया। सर्वे टीम सदस्यों एवं सुपरवाइजरी स्टाफ को ओडीके मरुधर डीबीसी एप पर सर्वे करने एवं सर्वे मे पाई गई कमियों को सुधारने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रति दिन सर्वे के बाद सर्वे किए गए क्षेत्र का हाउस इंडेक्स एच आई एवं ब्रिटेयु इंडेक्स बी आई का आंकलन करने एवं मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। एमबीएस व जेके लोन हॉस्पिटल में बनाए गए डेंगू वार्ड का निरीक्षण कर डेंगू भर्ती रोगियों से जानकारी ली। साथ ही अधीक्षक एवं केंद्रीय लेब के इन्चार्ज को निर्देशित किया कि जिस भी रोगी की डेंगू, मलेरिया चिकनगुनिया, स्क्रब टाइफस की जांच की जा रही है उसका नाम उसका पूर्ण पता एवं मोबाइल नंबर लिए जाएं एवं प्रतिदिन पॉजिटिव रोगियों की पूर्ण लाइन लिस्ट संबंधित सीएमएचओ को और निदेशालय जयपुर को भिजवाए। इसके बाद उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक कर जिले में की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की। आई ई सी अवेयरनेस, सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वा और एंटी एडल्ट एक्टिविटी को प्रभावी ढंग से करने एवं लक्ष्य अनुसार रक्त पट्टिका संचयन करने, 48 घंटे मे मलेरिया की जांच सुनिश्चित करने एवं मलेरिया पोजिटिव पाए जाने पर मलेरिया आमूल उपचार राष्ट्रीय औषधि नीति 2013 के अनुसार करने के निर्देश दिए गएास स्क्रब टाइफस के रोगियों की संख्या मे बढ़ोतरी को देखते हुए प्रत्येक बुखार के रोगियों को एजीथ्रोमाइसीन, डाक्सीसाईक्लीन देने एवं पशु पालन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए अल्फा साइपरमेथ्रीन का स्प्रे करवाने के निर्देश दिए। पोर्टल पर फॉर्म में रिपोर्टिंग एवं मलेरिया की रिपोर्टिंग पोर्टल पर करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी, डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ घमश्याम मीणा, डीसी चौधरी, विनोद प्रभाकर आदि मौजूद थे।

क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने राज्य स्तरीय 5 वीं इंटरकॉलेज अंडरग्रेजुएट क्विज प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया। मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। राजस्थान से बीस टीमों ने क्विज में भाग लिया और शीर्ष तीन टीमें डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज, जोधपुर, जीएमसीएच उदयपुर और जीएमसी कोटा से थीं। विभागाध्यक्ष डॉ. मुकुल दीक्षित ने बताया कि क्विज राजस्थान के मेडिकल स्नातक छात्रों के बीच लोकप्रिय हो गया है और 2019 से 5 वीं बार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में गीतांजली ठ्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल, रजिस्ट्रार मयूर रावल, डीन जीएमसीएच डॉ. संगीता गुप्ता,गीतांजली यूनिवर्सिटी एडिशनल प्रिंसिपल डॉ. मनिंदर कौर शामिल थे। क्विज का सफल संचालन डॉ. मेधा माथुर एवं डॉ. अंजना वर्मा द्वारा क्विज मास्टर के रूप में किया गया।

शिविर में 183 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ

कोटा, (निसं)। अल-फलाह एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर ब्लड कैम्प आयोजित किया गया जिसमें 183 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। शिविर एमबीएस ब्लड बैंक एवं अपना ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया।

शिविर संयोजक जाकिर रिजवी, इमरान कुरैशी ने बताया कि अल-फलाह ट्रस्ट पिछले कई सालों से जरूरतमन्द मरीजों की आवश्यकता पूरी करने हेतु शिविर आयोजित कर रहा है। कैम्प कन्वीनर आरिफ अंसारी, शानू भाटी ने बताया कि वर्तमान में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, अधिकतर मरीजों की जरूरत के चलते ब्लड कैम्पों में खून की कमी आने लगती है, इसी समस्या के समाधान हेतु ईद मिलादुन्नबी जुलूस मार्ग में हजीरा दरगाह के पास ब्लड कैम्प आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर काजी जुबैर अहमद ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया और उनकी हौंसला अफजाई की। शहर काजी लोगों से जागरूकता की अपील करते हुए कहा कि खून ऐसी चीज है जो किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता, इसका निर्माण सिर्फ इंसान के शरीर में ही होता है और रक्तदान करने से रक्तदाता को कोई नुकसान नहीं पहुँचता, इसलिये सभी को जीवन में एक बार जरूर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शिविर में ऑल इंडिया सीरत कमेटी के जिला अध्यक्ष लियाकत अंसारी, पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, आबिद कागजी, डॉ॰अजहर मिर्जा, सहित कई समाजसेवी लोगों ने भी शिरकत कर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया।

गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया

कपासन, (निसं)। कपासन में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जहां डांडिया, गरबा और अन्य आयोजनों के साथ 56 भोग और भजन संध्या का आयोजन किया गया। कस्बे के प्रमुख आयोजन स्थल लोडकियां चौक पर श्री चारभुजा नाथ मंदिर से ठाकुर जी की पदरावणी की गई। यहां 56 भोग की झांकी सजाकर महाआरती की गई। नगर में चल दस दिवसीय गणेश महोत्सव का नगर में शोभायात्रा व भगवान गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन के साथ होगा। कपासन नगर में चल रहा है 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन मंगलवार को नगर में भव्य शोभा यात्रा के साथ गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन के साथ होगा। नगर में चल रहे गणेश महोत्सव के अंतर्गत लडकिया चोक चारभुजा मित्र मंडल लोडकियाचोक, कृष्णा सुदामा चौक, खाड़ी बावड़ी बालाजी मित्र मंडल, सगस बावजी सेवा समिति, नंदवाना पंचायती भवन सदस्य मित्र मंडल, कल्याण रायजी मन्दिर, गोपाल द्वारा, खादी भंडार, सोमानी मोहल्ला, रेलवे स्टेशन सिरोया मोहल्ला, चित्तौड़ रोड, आदर्श कॉलोनी पंचायत समिति नंद नंदेश्वर मन्दिर पायक मोहल्ला आदि सहित आदि मोहल्ले में प्रतिदिन डांडिया गरबा नृत्य सहित आदि विभिन्न प्रतियोगिता, भी आयोजित हुई और पारितोषिक दिए गए।

उप मुख्यमंत्री ने किया महाराव उम्मेद सिंह के शिक्षा, चिकित्सा और विकास में योगदान का स्मरण

कोटा, (निसं)। अनंत चतुर्दशी की पूर्व संध्या पर महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। हाड़ौती क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी थी। अध्यक्षता पूर्व सांसद इज्यराज सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि लाडपुरा विधायक कल्पना देवी एवं अयोध्या के पीठाधीश्वर जगतगुरु संत स्वामी बालमुकुन्दाचार्य थे।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने माँ भगवती एवं महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम

■ महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय की जयंती पर क्षत्रिय राजपूत समाज की प्रतिभाएं सम्मानित

को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक कोटा की नींव महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय ने रखी थी और उनकी दूरदर्शिता के कारण कोटा का निरंतर विकास हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने

कोटा में महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय के जयंती समारोह को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने संबोधित किया

महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय के हाड़ौती क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, वन, भू राजस्व, और पशुधन के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने महिलाओं के शिक्षा, खेलों एवं नौकरी के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने को विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि समारोह में उपस्थित मातृशक्ति का सम्मान करते हुए उन्हें गौरव का अनुभव हो रहा है। समारोह में उप मुख्यमंत्री द्वारा क्षत्रिय राजपूत समाज के शिक्षा, खेलकूद, और सरकारी नौकरियों में सफल होने वाली करीब 90 युवा प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। उन्होंने युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि संस्कार और आध्यात्मिक चेतना के साथ राष्ट्र का गौरव बढ़ाने की दिशा में भी अग्रसर होना चाहिए।

अयोध्या के पीठाधीश्वर जगतगुरु संत स्वामी बालमुकुन्दाचार्य ने कोटा के वीर इतिहास और क्षत्रिय धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्षत्रियों और क्षत्राणियों के योगदान का स्मरण कराया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद इज्यराज सिंह ने पुरस्कृत युवाओं को बधाई दी और कोटा के विकास के लिए बजट प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हाड़ौती क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह राठौड़, महासचिव ठाकुर वीरेन्द्र सिंह शक्तावत, पूर्व आईएएस अमर सिंह एवं कार्यकारिणी व समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

काव्यगोष्ठी में रचनकारों ने बांधा समां

उदयपुर, (कासं)। सांस्कृतिक संस्था सुरों की मण्डली और साहित्यिक संस्था लफ्जों की महफलि के तत्वावधान में अशोका पैलेस के मधुश्री ऑडिटोरियम में दो कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें पहले सुर साधकों ने प्रतिष्ठित और अनुभवी गायक कैलाश कैवल्या से गायकी के व्यावहारिक गुर सीखे तथा दूसरे कार्यक्रम में 20 से अधिक कवियों और शायरों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। संस्थापक अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से संगीत और काव्य सृजन के क्षेत्र में लेखकों को सृजन के नए अवसर और माहौल मिलेगा। अध्यक्षता ईश्वर जैन ने की तथा मुख्य अतिथि महेन्द्र चावला थे। नूतन वेदी तथा अकबर खान के कुशल मंच संचालन ने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। कैलाश कैवल्या की संगीत कार्यशाला में निखिल महेश्वरी,संतोष श्रीवास्तव, लोकेश जोशी, इंजि. अखिलेश शर्मा,नीलम कौशल, कमल जुनैजा, श्याम एस.मेहता,भगवती मेनारिया, पुष्कर गौड,तथा भगवती लाल चौहान ने प्रस्तुतियां दीं। कैवल्या ने गायकी की तकनीक के साथ, स्टेज पोश्चर तथा सही तरीके से माईक पकडने की भी जानकारी दी जिसमें जिज्ञासु दर्शकों द्वारा गायकी पर पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर उनका मार्गदर्शन किया।

गरबा को लेकर बैठक

उदयपुर,(कासं)। मेवाड जनशक्ति दल उदयपुर की सम्पन्न मासिक बैठक में नवरात्रि पर्व पर गरबा आयोजको से परम्परागत रूप से नौ दिवसीय गरबा आयोजन करने का निवेदन किया गया। संभाग महामंत्री नंदलाल जोशी ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर कन्या पूजन एवं भामाशाह सम्मान से भव्य समारोह किया जाएगा,संभाग अध्यक्ष जगदीश मेनारिया ने बैठे को संबोधित करते हुए बताया कि यह आयोजन संतों के आ